प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 24/ 2024)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"आईएमटी के लिए पहचाने गए 37 - 37.5 गीगाहर्ट्ज, 37.5 - 40 गीगाहर्ट्ज और 42.5 - 43.5 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी" पर परामर्श पत्र विषय पर भादूविप्रा द्वारा जारी परामर्श पत्र पर टिप्पणियाँ/ प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 16 मई 2024: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 04.04.2024 को 'आईएमटी के लिए पहचाने गए 37 - 37.5 गीगाहर्ट्ज, 37.5 - 40 गीगाहर्ट्ज और 42.5 - 43.5 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी' पर एक परामर्श पत्र जारी किया गया था ।

2. दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अपने पत्र दिनांक 02.08.2023 के माध्यम से भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) से अनुरोध किया था कि वह अन्य बातों के साथ-साथ आईटी के नवीनतम एनएफएपी/रेडियो विनियमों के संगत प्रावधानों में यथा प्रतिपादित विनियामक तकनीकी आवश्यकताओं सहित 37-37.5 गीगाहर्ट्ज, 37.5-40 गीगाहर्ट्ज और 42.5-43.5 गीगाहर्ट्ज बैंडों में स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए लागू खुदरा मूल्य, बैंड योजना, ब्लॉक आकार, नीलाम किए जाने वाले स्पेक्ट्रम की मात्रा और संबद्ध शर्तों पर सिफारिशें प्रदान करें।

3. इस संबंध में, ट्राई ने 04.04.2024 को 'आईएमटी के लिए पहचाने गए 37-37.5 गीगाहर्ट्ज, 37.5-40 गीगाहर्ट्ज और 42.5-43.5 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी' पर एक परामर्श पत्र जारी किया है। प्रारंभ में, हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणी और प्रति टिप्पणी प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 02.05.2024 और 16.05.2024 निर्धारित की गई थी। किंतु, हितधारकों के अनुरोध पर, टिप्पणियां और प्रति टिप्पणी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दो सप्ताह यानी क्रमशः 16.05.2024 और 30.05.2024 तक बढ़ा दी गई थी।

4. हितधारकों (उद्योग संघ) के पुनः अनुरोध को ध्यान में रखते हुए लिखित टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 24 मई 2024 और 06 जून 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है । समय विस्तार के किसी भी आगे के अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. टिप्पणियाँ/ प्रति टिप्पणियाँ अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी: advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से दूरभाष संख्या +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

वी. रघुनंदन

(वी. रघुनंदन)

सचिव, भादूविप्रा